प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा, खादी और लघु उत्पादों का बढ़ाया जाएगा उत्पादन, रांची में अधिकारियों को दिए लाभुकों पर योजनाएं केंद्रित करने के आदेश।
2- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रत्यारोपण के लिए मानव अंगों को लाने ले जाने से संबंधी जारी किए दिशा–निर्देश।
3- राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने सभी पुलिस अधीक्षकों को सार्वजनिक स्थलों की सीसीटीवी से लगातार निगरानी कराने के दिए निर्देश, कहा– महिला सुरक्षा को दें सर्वोच्च प्राथमिकता।
4- भारत और श्रीलंका के बीच तीन एकदिवसीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का दूसरा मुकाबला आज कोलंबो में दोपहर ढ़ाई बजे से खेला जाएगा।

*********************

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि देश में खादी और लघु उत्पादों की बिक्री को गति दी जाएगी। इसके अलावा इसका उत्पादन भी बढ़ाया जाएगा। श्री मांझी ने कल रांची के अशोक नगर स्थित राज्य कार्यालय में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के विकास और चुनौतियों पर चर्चा की। इस अवसर पर श्री मांझी ने खादी विकास की विभिन्न योजनाओं को अधिक से अधिक लाभुकों पर केंद्रित करने के निर्देश दिए।

*********************

स्वास्थ्य मंत्रालय ने मानव अंगों को प्रत्यारोपण के लिए सही समय पर अस्पताल पहुंचाने के प्रयोजन से मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है। स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चन्द्रा ने बताया कि इससे गुणवत्तापूर्ण तरीक़े से अंग प्रत्यारोपण हो सकेगा। उन्होंने कहा कि अंगों को सही समय पर अस्पताल पहुंचाने से, प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे असंख्य मरीजों की ज़िंदगी बचाई जा सकती है।

*********************

कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में विदेशी प्रतिनिधियों ने भारत की कृषि क्षमता और समग्र विकास की सराहना की है। प्रधानमंत्री मोदी ने छह दिन के इस सम्मेलन का कल नई दिल्ली में उद्घाटन किया। इसमें 75 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। बांग्लादेश की प्रतिनिधि हास्मीन ने वैश्विक कृषि परिदृश्य में भारत की स्थिति की सराहना करते हुए कहा कि भारत कई कृषि वस्तुओं का अग्रणी उत्पादक रहा है। केन्या के प्रतिनिधि डोडो मकवाल ने कहा है कि भारत कृषि क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है और यहां किया जा रहा शोध सराहनीय है। जापान की प्रतिनिधि सोब्रन ने विभिन्न प्रकार के कृषि उत्पादों और उनके निर्यात में भारत की क्षमता की प्रशंसा की।

*********************

राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने सभी पुलिस अधीक्षकों को सार्वजनिक स्थलों की सीसीटीवी से लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखने का आदेश दिया है। श्री गुप्ता ने आज बताया कि अपराध नियंत्रण के लिए थाना प्रभारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, यातायात नियमों के पालन और पुलिस गश्त को भी नियमित करने का आदेश दिया गया है।

*********************

रांची में एक अधिवक्ता की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने आज मुख्य आरोपी को अनगड़ा इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। वरीय पुलिस अधीक्षक चन्दन सिन्हा ने बताया कि पुलिस को देखते ही आरोपी ने फायरिंग कर दी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में उसे भी गोली लगी है। इस दौरान उसका एक सहयोगी फायरिंग करते हुए भाग निकला।

*********************

राज्य में शुरू किए गए मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत गढ़वा जिले में भी लाभूकों से आवेदन लिए जा रहे हैं।

********************

हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने आज चौपारण प्रखण्ड के कई ग्रामीण इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और सम्बंधित अधिकारियों को इस सम्बन्ध में दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद ने महिलाओं के बीच गैस सिलेंडर सहित चूल्हे का भी वितरण किया।

********************

रांची रेल मंडल से चलने वाली 24 ट्रेनों में जेनरल डब्बों की संख्या बढ़ाई जाएगी। रेल मंत्रालय ने कहा है कि यात्रियों की भीड़ को देखते हुए इसे जल्द ही लागू किया जाएगा। जिन ट्रेनों में डब्बों की संख्या बढ़ेगी उनमें, मालदा टाउन–सूरत, हैदराबाद–रक्सौल, हटिया–एलटीटी, हटिया–बेंगलुरु, हटिया–आनंद विहार, हटिया–पुणे, हटिया–हावड़ा, और हटिया–सम्बलपुर शामिल हैं।

********************

श्रम विभाग द्वारा सात अगस्त को धनबाद स्थित अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर बरटांड़ रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। इसमें स्थानीय स्तर पर विभिन्न कंपनियों और संस्थानों में दो हजार दो सौ पचास पदों के लिए बेरोजगार युवक–युवतियां आवेदन कर सकते हैं। पूर्वाह्न 10 से अपराह्न चार बजे तक चलने वाले इस मेले में अभ्यर्थियों को बायोडाटा की दो प्रति लेकर आना आवश्यक है। जिला नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि रोजगार मेला में भाग लेने के लिए इच्छुक आवेदक का राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधन होना जरूरी है।

********************

सिमडेगा जिले से पुलिस ने आठ अंतरराज्यीय मवेशी तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार ने आज बताया कि गिरफ्तार तस्करों के पास से मवेशी लदे चार पहिया को जब्त किया गया है।

********************

राज्य के अधिकतर हिस्सों में हो रही भारी बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। इस दौरान हुए विभिन्न हादसों में अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, बोकारो के गोमिआ में एक पुल के बह जाने से आवागमन बंद हो गया है। मौसम विभाग ने आज गढ़वा, पलामू और चतरा में भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। रांची स्थित मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान गर्जन और वज्रपात की भी आशंका है। वहीं, पिछले तीन दिनों में सबसे अधिक बारिश रामगढ़, मांडू और कांके में दर्ज की गयी है।

********************

भारत और श्रीलंका के बीच तीन एकदिवसीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का दूसरा मुकाबला आज कोलंबो में होगा। यह मैच दोपहर ढाई बजे से खेला जाएगा। श्रृंखला का पहला मैच बराबरी पर रहा।

********************

और आइए अब जानते हैं पेरिस ओलिंपिक में आज होने वाले मुकाबलों के बारे में।

******समाप्त*************